तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

12 घटना के 15 दिन बाद भी न्याय के लिए भटक रहे हैं परिजन



14 कुत्तों की नसबंदी के लिए वर्क आर्डर जारी



## खबर संक्षेप

### जिला कुश्ती टीम का चयन 29 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन रायगढ़ में किया जा रहा है। जिला कुश्ती टीम का चयन 29 अगस्त को इण्डोर स्टेडियम आमातालाब में होगा। जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाएं।

### रसायनशास्त्र की पूरक प्रायोगिक परीक्षा 29 को

**धमतरी।** जिले के महाविद्यालयों में 29 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से बीएससी व्दितीय एवं तृतीय वर्ष रसायनशास्त्र की पूरक प्रायोगिक परीक्षा होगी। संबंधित समस्त छात्र-छात्राएं अपनी आवश्यक सामग्री के साथ परीक्षा में शामिल होंगे। अनुपस्थित रहने पर परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### देऊरपारा में हरि कीर्तन 29 को

**नगरी।** स्माईल क्लब देऊरपारा के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के अवसर पर कुण्डेरा दादर वाले कामता प्रसाद का हरि कीर्तन कर्णेश्वर महादेव मंदिर देऊरपारा नगरी में किया गया है। यह जानकारी स्माइल क्लब के अध्यक्ष अमन गोस्वामी ने दी।

### प्रकृति वंदन कार्यक्रम 30 अगस्त तक

**धमतरी।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की ओर से 23 से 30 अगस्त तक प्रकृति वंदन कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें जनता को अपने घर, गांव, बस्ती, कालोनी, मोहल्ला, नदी, तालाब, वार्ड आदि स्थानों पर पंच महाभूतों की वंदना कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने कहा गया है। परिवार, मित्र, समाज के साथ जाकर भूमि वंदन, वृक्ष वंदन, जल वंदन, गौ वंदन कर पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लें। प्रकृति वंदन का चित्र साझा करें। नदियों, पेड़-पौधे, तुलसी, पर्वती, जीव-जंतु, सांप की पूजा, संरक्षण के लिए प्रकृति वंदन कार्यक्रम भारत वर्ष में रखा गया है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 13 अक्टूबर को

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पंजीयन प्रारम्भ हो गया है। 31 अगस्त से 5 सितम्बर तक फार्म जमा होंगे। 5वीं, 6वीं के लिए 35 रुपए एवं 7वीं से 12वीं कक्षा के लिए 40 रुपए फीस निर्धारित है। ओएमआर सीट दी जायेगी। विकासखंड, जिला, राज्य स्तर पर आकर्षक इनाम प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले परीक्षार्थियों को दिए जाएंगे। परीक्षा 13 अक्टूबर को होगी। यह जानकारी एमआर निषाद जिला संगठन प्रभारी ने दी है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय सुभाषनगर निवासी मनोज निषाद पिता गंगाराम उम्र 50 वर्ष वाहन चलाने का काम करता था। वह शराब सेवन का आदी था। सोमवार को मनोज घर पर अकेला था। परिवार के लोग दूसरे घर गए थे। शाम को भतीजा राजेंद्र निषाद उसके घर गया तो अधेड़ बिस्तर के नीचे बेहोश पड़ा हुआ था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद मनोज द्वारा जहर सेवन करने की जानकारी दी। अस्पताल में अधेड़ की सोमवार की रात्रि इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

कई बार दवा छिड़काव के बाद भी पौधों में दिख रहे लक्षण

# फफूंदी रोग से किसान परेशान, पौधों की ग्रोथ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

इस बार किसान धान में फफूंदीजनित बीमारियों से परेशान हैं। कई बार दवा छिड़काव के बाद भी यह समस्या जड़ से खत्म नहीं हो रही है। इस समस्या के चलते धान की ग्रोथ प्रभावित हो रही है। खाद और दवा पर खर्च भी बढ़ गया है। कृषि विशेषज्ञों ने लक्षण के अनुसार फफूंदीनाशक छिड़काव की सलाह दी है।

धान की फसल में फफूंदी रोग आम बात है। हर साल धान फसल में यह बीमारी लगती है। दवा छिड़काव से यह ठीक भी हो जाती थी लेकिन इस साल स्थिति कुछ अलग है। लगातार उमस वाला मौसम होने के कारण फफूंदी रोग कटने का नाम नहीं ले रहा है। किसान दो से तीन बार फफूंदीनाशक का छिड़काव कर चुके हैं। इसके बाद भी धान में इसके लक्षण दिखाई दे रहे हैं। यह बीमारी सरोना जैसे लेट वेरायटी के धान में ज्यादा दिखाई दे रही है। किसान गिरधर साहू, युवराज शर्मा ने बताया कि रोपाई के बाद बारिश नहीं हो रही थी। मौसम उमस से भरा हुआ था, जिसके चलते इस बीमारी का प्रकोप शुरू हुआ। अब बारिश हो रही है और मौसम ठंडा हो गया है, लेकिन बारिश से खेतों में छिड़के गए कीटनाशक सहित अन्य दवाई धुल जा रही है जिसके चलते यह दवाई ठीक से काम नहीं कर रही है।





### जिंक का करें प्रयोग

किसान गिरधर साहू, गोल्डी सेन ने बताया कि जिंक की कमी से ब्लाइट जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इससे भी पौधों की ग्रोथ प्रभावित होती है। कई बार किसान इसी को फंफूदी रोग मानकर दवा का छिड़काव करते हैं, जिससे बीमारियां कटती नहीं हैं। जिंक पौधों में ग्रोथ लाता है। पौधों में बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है, इसलिए फफूंदीनाशक दवा के साथ जिंक का भी छिड़काव करें।

### सूख नहीं पाए हैं खेत

किसानों ने बताया कि लगातार धान के बाद धान की खेती से जमीन की उर्वरता प्रभावित हुई है। यही नहीं इस साल तो रबी सीजन के बाद ही बारिश शुरू हो गई थी। खेत सूख ही नहीं पाए थे और फिर से खरीफ की तैयारी शुरू हो गई थी। खेत नहीं सूखने के कारण फफूंदजनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। इन बीमारियों को कम करने के लिए खेतों में पानी ज्यादा न रोके। जितनी जरूरत हो उतना ही पानी रखें। संभव हो तो एक बार खेत से पानी पूरी तरह से निकाल दें।

### लक्षण अनुसार करें उपचार

कृषि विशेषज्ञ दिवाकर सेन ने बताया कि फफूंदी रोग कई प्रकार के होते हैं। ब्लास्ट में पत्तियों पर भूरे रंग के धब्बे बन जाते हैं, जिनके चारों ओर पीला घेरा रहता है। यह ऐसा नजर आता है, जैसे किसी ने पान खाकर थूक दिया हो। ब्लाइट में पत्तियां उपर से पीली होकर सूखने लगती हैं। फफूंद से सड़न बीमारी भी होती है, जिसमें पौधे जड़ से सड़ने लगते हैं। अलग-अलग बीमारियों के लिए अलग-अलग प्रकार की फफूंदीनाशक दवाई आती है। विशेषज्ञों से सलाह लेकर इन दवाओं का उपयोग करें। धान की बालियां निकलते समय भी लकवा की शिकायत आती है। इसमें धान बालियां सूख जाती हैं। बालियों में काले धब्बे की भी शिकायत आती है।

# वापसी की राह पर दो गजराज



- एक माह से जिले के जंगल में कर रहे विचरण, फसल क्षति के अनेक प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

माहभर से जिले के जंगल में विचरण कर रहे दो हाथी वापसी की राह पर हैं। मंगलवार को धनबुड़ा पहंदा मार्ग को क्रास कर लिया है। पवईनाला, भारतमाला रोड क्रास करने के बाद पैरी नदी पार कर गरियाबंद के जंगल में लौटने की संभावना है। फिलहाल उत्तर सिंगपुर निगरानी दल हाथी का लोकेशन लेने में लगा हुआ है। सात जगह पर फसल क्षति का प्रकरण बनाया गया है।

हाथी निगरानी दल प्रमुख उत्तर सिंगपुर के डीएस साहू ने बताया कि मंगलवार सुबह 9 बजे के करीब दोनों हाथी धनबुड़ा, पहंदा मेन रोड पारकर पवईनाला की ओर जा रहे थे। बलौदाबाजार से आने वाले दंतैल को बीपीएमई तथा गरियाबंद से आने वाले बिना दांत के हाथी को जीबीएमई का नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि सात जगह पर फसल हानि का प्रकरण दर्ज किया गया है। 35 प्रतिशत से अधिक फसल नुकसान होने पर प्रभावितों को प्रति एकड़ 9 हजार रूपए का मुआवजा दिया जाता है। कक्ष क्र. 114 पवईनाला की ओर आगे बढ़ने के कारण हाथियों के लौटने की संभावना है। हाथी विचरण क्षेत्र के ग्राम धनबुड़ा, झाझरकेला, कोटरवाही, छलकनी आदि गांवों में मुनादी कर लोगों का अलर्ट किया गया है।

# पोस्ट ऑफिस में चोरी का प्रयास



- तिजोरी तोड़ने में नाकाम रहे चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर के मुख्य चौक स्थित पोस्ट ऑफिस में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। चोरों ने कार्यालय के पीछे से दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और तिजोरी तोड़ने की कोशिश की। सुबह जब पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो दरवाजा टूटा हुआ मिला और तिजोरी भी क्षतिग्रस्त पाई। हालांकि चोर उसमें रखे रुपये निकालने में असफल रहे। डाकघर प्रभारी जीवन साहू ने तत्काल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना की सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। आसपास के सीसीटीवी की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# बूटीगढ़ में आदिवासियों की झोपड़ी उजाड़ने का मुद्दा उठा

- वन अधिकार मामले में एकता परिषद जन संगठन की डीएफओ के साथ हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



वन अधिकार से वंचित परिवारों के मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय एकता परिषद जन संगठन ने वन विभाग के आलाधिकारियों के साथ विशेष बैठक ली। सोमवार को वन विभाग के जिला कार्यालय में वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्णा जाधव, एसडीओ मनोज विश्वकर्मा, सिंगपुर रेंजर की उपस्थिति में एकता परिषद जन संगठन के राष्ट्रीय संयोजक रमेश शर्मा, सदस्य सीताराम, श्रीमती श्रद्धा कश्यप, श्रीमती निर्मला, जिला कमेटी सचिव उत्तम सामरथ, लक्ष्मी नेताम तथा ग्रामीण संगठन मुखियाओं ने चर्चा की।

बैठक में मुख्य रूप से एफआरए कानून का सही क्रियान्वयन नहीं होने का मुद्दा छाया रहा, जिसके कारण जंगल में पारंपरिक रूप से निवासरत आदिवासी गैर आदिवासी वन अधिकार से वंचित हो रहे हैं। संगठन ने कहा है कि आदिवासी, गैर आदिवासी परिवारों द्वारा दावा आवेदन वन अधिकार समिति के माध्यम से ग्रामसभा में प्रस्तावित किया गया है। जिसे उपखंड एवं जिला स्तर पर किसी कारणवश निरस्त कर बेदखल किया जा रहा है। संगठन ने बताया कि 31 जुलाई 2025 को बूटीगढ़-सिंगपुर के वन परिक्षेत्र में जंगल की जमीन पर खेती एवं झोपड़ी बनाकर रह रहे 32 आदिवासी परिवार में से 27 आदिवासी परिवारों का आशियाना जेसीबी मशीन से उजाड़ दिया गया। इसी प्रकार कई गांवों की ग्रामसभा में प्रस्ताव होने के बाद भी विभाग ने रोक लगा दी है। जानकारी के अभाव में निरस्त दावों की अपील हितग्राही नहीं कर पाते। यह परिस्थिति सिर्फ एक गांव या जिला नहीं पूरे प्रदेश में वन अधिकार से वंचित परिवारों की है।

एकता परिषद जन संगठन के राष्ट्रीय संयोजक रमेश शर्मा ने बताया कि तमाम मुद्दों पर वनमंडलाधिकारी से चर्चा कर अपेक्षा की गई है कि बूटीगढ़ में 16 परिवारों के पास सन 2005 के पूर्व प्रमाणित साक्ष्य सहित दावा प्रपत्र को डीएफओ के समक्ष रखा गया। डीएफओ ने आवेदनों के अनुसार ग्रामीणों के साथ चर्चा कर पुनः स्थल निरीक्षण करने आदिवासी विकास विभाग, कलेक्टर से चर्चा कर जल्द कार्रवाई करने के साथ पात्र हितग्राही, भूमिहीन को नियमानुसार वनाधिकार पत्र देने की सहमति दी।

# सी एवं डी वेस्ट नियमों का उल्लंघन करने पर 23 सौ रुपए जुर्माना वसूला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की दिशा में नगर पालिक निगम लगातार प्रभावी कदम उठा रहा है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देशन में निगम की इंजीनियर एवं स्वच्छता टीम ने गोकुलपुर वार्ड में कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन (सी एवं डी) वेस्ट प्रबंधन नियमों के पालन हेतु विशेष जांच अभियान चलाया।

निरीक्षण के दौरान कुछ लोगों द्वारा निर्माण एवं ध्वस्तीकरण से निकलने वाला मलबा खुले स्थानों पर फेंका जा रहा था। यह न केवल स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करता है बल्कि यातायात और आम नागरिकों की सुविधा में भी बाधा उत्पन्न करता है। इस लापरवाही पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निगम टीम ने चार लोगों पर चालानी कार्यवाही की तथा कुल 2300 रूपए जुर्माना वसूला। आयुक्त प्रिया गोयल ने स्पष्ट कहा कि किसी भी हाल में निर्माण कार्य से उत्पन्न मलबा सार्वजनिक स्थलों पर डालना प्रतिबंधित है। सभी नागरिकों को निगम द्वारा निर्धारित डंपिंग स्थल का ही उपयोग करना होगा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी ने नहीं बनाई अंडे की सब्जी नाराज पति ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी/सांकरा



- ग्राम सांकरा की घटना

ब्लॉक के ग्राम सांकरा में पत्नी द्वारा अंडे की सब्जी नहीं बनाने से नाराज होकर पति ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक का नाम टिकेश्वर सेन बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घरेलू स्तर पर अंडे की सब्जी बनाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। विवाद के बाद पति ने गुस्से में आकर पड़ोसी की बाड़ी में लगे आंवले के पेड़ पर फांसी लगा ली। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। खास बात यह है कि तीज पर्व से एक दिन पहले ही यह घटना घटित हुई, जिससे पूरे गांव में शोक फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

# पिकअप की ठोकर से राहगीर घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- गोकुलपुर की घटना

नशे में धुत छोटा हाथी पिकअप के चालक ने राहगीर युवक को ठोकर मार घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय गोकुलपुर निवासी हिरेंद्र तिवारी पिता नरेश उम्र 20 वर्ष मंगलवार को दोपहर बाद गोकुलपुर रूद्री रोड में पैदल जा रहा था। इसी दौरान वहां से तेज गति से गुजर रही छोटा हाथी पिकअप क्रमांक सीजी 05 डी 1324 के चालक इंद्रजीत देवांगन पिता लेखराम उम्र 34 वर्ष ग्राम चारभाठा थाना चारामा निवासी ने पैदल जा रहे हिरेंद्र को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में युवक घायल हो गया। उसके सिर पर चोट आई है। आरक्षक चंपू सोनी की सूचना पर वरदान एंबुलेंस संस्था के शिवा प्रधान व प्रेम साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। बताया गया है कि पिकअप का चालक इंद्रजीत नशे में धुत होकर हाईस्पीड में वाहन चला रहा था जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

सारंगपुरी में स्थापित गणेश जी के दर्शन से मिलती है अद्भुत ऊर्जा, 300 वर्ष से ज्यादा पुरानी

# प्रकृति ने पाषाण को तराशकर बनाई गणेशजी की प्रतिमा

संतोष सोनकर ▶▶ धमतरी

कुदरत द्वारा पाषाण में बनाई गई गणेशजी की प्रतिमा ग्राम सारंगपुरी में स्थित है, जिसके दर्शन मात्र से श्रद्धालु अलौकिक ऊर्जा महसूस करते हैं। ग्रामीण बड़ी श्रद्धा से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का पूजन कर मनोकामना मांगते हैं।

प्रकृति भी समय-समय पर अपनी कलाकारी दिखाने में पीछे नहीं रहती। कुदरत की अद्भुत रचना लोगों के परिकल्पना से भी ऊपर रहती है। प्रकृति द्वारा निर्मित भगवान श्रीगणेश की प्राचीनकालीन प्रतिमा ग्राम सारंगपुर में स्थापित है। जिला मुख्यालय से लगभग 12 किमी दूर ऐतिहासिक स्थल डोंगेश्वर धाम डोंगापथरा पहुंच मार्ग पर ग्राम सारंगपुरी है। यह गांव महानदी के किनारे बसा हुआ है। वैसे भी महानदी अपने आप में कई रहस्यों को समेटी हुई है। नदी किनारे बसे गांव के तालाब किनारे एक प्राचीन प्रतिमा स्थापित है जिसे गांव व आसपास के ग्रामीण भगवान श्री गणेश की प्रतिमा मानकर पूजा पाठ करते हैं। लगभग 3 फीट की ऊंचाई वाले पाषाण की इस मूर्ति में सिर, सूंड, हाथ, पैर व पेट लंबा उदर की आकृति स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। यह मूर्ति बैठक मुद्रा में पत्थर की एक शिला पर बनी हुई है। जिसके कारण ग्रामीण इस मूर्ति को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा मानकर पूरी श्रद्धा से पूजा करते हैं। गांव व आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में श्रीगणेश के दर्शन करने आते हैं। पहले यह प्रतिमा जमीन पर रखी हुई थी। ग्रामीणों ने शेड व चबूतरा बनाकर प्रतिमा स्थापित कर मंदिर का स्वरूप दिया है।

ग्रामीणों का मानना है कि गणेशजी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण कर मनवांछित फल देते हैं। उनका यह भी मानना है कि इस मूर्ति का निर्माण प्रकृति द्वारा किया गया है। गणेश पक्ष में प्रतिमा के पूजा पाठ का अलग ही महत्व होता है। स्कूली बच्चे भी दर्शन के लिए आते हैं।





### दही बेचने वाली एक महिला को मिली थी मूर्ति

गांव के रामेश्वर सोनकर, गौकरण व राजसिंह ने बताया कि उनके पूर्वजों के अनुसार यह मूर्ति 300 साल से ज्यादा पुरानी है। इसका निर्माण किसी व्यक्ति द्वारा नहीं किया गया है, बल्कि यह प्रतिमा प्रकृति द्वारा बनाई गई। श्री गणेश जी के दर्शन से तन व मन में अद्भुत ऊर्जा महसूस होती है। यह प्रतिमा अपने आप में अलौकिक है। ग्रामीणों ने कहा कि उनके पूर्वजों ने बताया कि बहुत पहले एक महिला दही व मही बेचने का काम करती थी। सर्वप्रथम यह प्रतिमा उसी को मिली। उसी महिला ने सबसे पहले इसे श्री गणेश जी की प्रतिमा मानकर पूजा-अर्चना की थी। उसके बाद से ग्रामीण प्रतिमा का पूजन करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अगर शासन से सहयोग मिलता तो गणेश जी के लिए मंदिर का निर्माण किया जा सकता है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

न पुलिस कार्रवाई आगे बढ़ रही और न डॉक्टरों की जांच रिपोर्ट

झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से हुई थी मासूम की मौत

# घटना के 15 दिन बाद भी न्याय के लिए भटक रहे हैं परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पखवाड़े भर पहले कुरूद में गलत इलाज से डांडेसरा के एक मासूम बच्चे की हुई मौत मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के आधार पर झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर अपराध पंजीबद्ध तो कर लिया है लेकिन सप्ताह भर बीतने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई व चिकित्सा टीम की जांच पड़ताल आगे नहीं बढ़ पाना कई संदेहों को जन्म दे रहा है।

बता दें कि बीते 10 अगस्त को कुरूद विकासखण्ड के समीपस्थ ग्राम डांडेसरा निवासी 12 वर्षीय मासूम नीरज साहू पिता रेवाराम साहू को बुखार, सर्दी और खांसी की शिकायत थी जिसे लेकर पिता रेवाराम साहू इलाज के लिए कुरूद के अशोक मेडिकल स्टोर्स पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल संचालक अशोक शर्मा, जो कथित झोलाछाप डॉक्टर है, ने बिना गहराई से जांचे नीरज को एक इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही मासूम के मुंह से झाग निकलने लगा और वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा जिसे देख वह घबरा गया। उन्होंने मामला बिगड़ते देख बच्चे को स्वयं तुरंत कुरूद सिविल अस्पताल लाया। जहां परीक्षण पश्चात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर



### अभी तक नहीं पहुंची जांच रिपोर्ट

इस दर्दनाक घटना के बाद से परिजन गुस्से में हैं और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं लेकिन हैरानी की बात यह है कि 16 दिन बीत जाने के बाद भी जांच कर रही डॉक्टरों की टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट पुलिस को नही सौंपी है। इधर पुलिस ने 21 अगस्त को आरोपी अशोक शर्मा के खिलाफ 106 (1),271बीएनएस के तहत मामूली धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तो लिया किंतु सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई नौ दिन चले अढ़ाई कोस की कहावत को चरितार्थ करते हुए आगे नहीं बढ़ पा रही है।

### आरोपी को बचाने की जा रही कोशिश

दूसरी ओर परिजनों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ़ जाँच के नाम पर अभी तक गुमराह कर आरोपी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं तो वहीं मृतक की मासूम बहन ने भावुक होकर अपने भाई के गुनाहगार को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। चर्चा यह भी है कि संबंधित फर्जी डॉक्टर द्वारा मृतक के परिजनों, डॉक्टरों की जांच टीमों एवं पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का दबाव बनाया जा रहा है।

### जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

इस संबंध में कुरूद टीआई राजेश जगत ने बताया कि अभी मर्ग इंटिमेशन पर एफआईआर दर्ज की गई है। आगे की कार्रवाई डॉक्टरों की जांच रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

नानी कल्याण विद्यालय सरबदा के बच्चों ने प्रतियोगिता में लहराया जीत का परचम

# जूडो में 5 स्वर्ण, 7 रजत एवं 14 कांस्य पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

नानी कल्याण विद्यालय अंग्रेजी माध्यम सरबदा के विद्यार्थियों ने जगदलपुर में आयोजित 13वीं इंटरस्कूल जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 7 रजत एवं 14 कांस्य पदक के साथ एक ट्रॉफी जीती।

विद्यालय के बच्चों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से कई पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं। बच्चों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में खुशी की लहर है। प्राचार्य ने बच्चों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बच्चों को भविष्य में और भी ऊंचाइयों हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं।




प्रतियोगिता में विजयी होकर लौटे बच्चों का विद्यालय में स्वागत किया गया। स्वर्ण पदक गगन गोस्वामी, वर्षा साहू, भीगी यादव, तेजल देवांगन, खुशबू सिन्हा, रजत पदक भीगी यादव, लीलिमा साहू, डोमेशरी यादव, गुटप्रेक्ष यादव, अरविंद, रिशम साहू, ओमप्रकाश साहू, कांस्य पदक गायत्री साहू, पूर्वा साहू, उन्नति यादव, पल्लवी साहू, हर्षिता मिश्रा, हंसिका, गरिमा, खिलेंद्र साहू, मोनेश साहू, लव कुमार, सत्यप्रकाश साहू, जलज पटेल, वेदांत पूरी गोस्वामी, मोक्षित साहू ने जीता। विजेता खिलाड़ियों में द्वितीय रनरअप के रूप में नानी कल्याण विद्यालय ने नया इतिहास रचा और पूरे संभाग में जूडो के क्षेत्र में नया मुकाम हासिल किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### ईमानदारी की मिसाल

भानपुरी। रायपुर से जगदलपुर आ रही दुबे ट्रैवेल की बस से कुरुद में उतरें यात्री का झोला छुट गया, जिसमें सोने और चांदी के जेवरात थे पर परिचालक रतन सिंह ने ईमानदारी की मिसाल कायम कर पूरा समान यात्री को लौटाया। यात्री अपना समान पाकर दुबे ट्रैवेल के रतन सिंह, रामेश्वर ठाकुर, मुन्ना भाई को दिल से धन्यवाद दिया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबॉल स्पर्धा 29 को

**सुकमा**। मेजर ध्यानचंद के खेल जगत में अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए प्रतिवर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन सुकमा के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को व्यापक व भव्य रूप से राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में 28 व 29 अगस्त को दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सुकमा खेलो इंडिया, युवा जागृति क्लब सुकमा, पावारास, एर्राबोर, दोरनापाल, छिन्दगढ़ और तोंगपाल सहित कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी।
खेल एवं युवा कल्याण विभाग सुकमा के तत्वावधान में 29 अगस्त को जिला खेल आयोजन की विशेष बैठक भी आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही शालेय खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया जाएगा।

### दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**सुकमा**। छिंदगढ़ विकासखंड के अंतर्गत पोटाकेबिन पाकेला में कथित रूप से बच्चों के भोजन में फिनाइल मिलाए जाने की घटना समय रहते टल गई। बच्चों की सजगता और भोजन की बदबू पहचानने की क्षमता ने बड़ी दुर्घटना को रोक दिया। जैसे ही यह मामला सामने आया, अधीक्षक ने तत्काल भोजन को नष्ट कर दिया और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की।

# आज विराजेंगे भगवान गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

गणेश चतुर्थी 27 अगस्त बुधवार को मनाई जायेगी जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जगह-जगह आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है। इसी बीच कोर्रा के मूर्तिकार पंकज साहू द्वारा भगवान गणेश की मूर्ति को अंतिम रूप देने का कार्य किया जा रहा है। बता दें कि पंकज मूर्तिकार बीते 5 वर्षों से भगवान गणेश, लक्ष्मी, दुर्गा, विश्वकर्मा की आकर्षक मूर्ति बना रहे हैं। इसके द्वारा बनाई गई मूर्ति की मांग पूरे धमतरी जिले में है। बुधवार को पूरे विधि-विधान के साथ गणेश



# सेजेस सिंगपुर की लाइब्रेरी 'थाती' भविष्य में रंग लाएगी : अबिनाश

- कलेक्टर ने लाइब्रेरी प्रभारी से उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासन की कोई भी योजना तभी सफल होती है जब आम आदमी उसका समर्थन करे। बिना जन समर्थन के कितनी भी अच्छी योजना का परिणाम सकारात्मक नहीं आता। इसी बात को ध्यान में रखकर सेजेस सिंगपुर के शिक्षकों ने लाइब्रेरी को कम्युनिटी के समर्थन एवं सहयोग से सशक्त बनाने का निर्णय लेते हुए आम पालकों को



इससे जोड़कर प्रभावी बनाने का निर्णय लिया। एसएमडीसी एवं पालकों के साथ कई दौर की बातचीत हुई। बच्चों के विकास में पुस्तक के महत्व को लेकर कई डॉक्युमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन कर सामूहिक चर्चा की गई। खास बात यह है कि इस अभियान से ऐसे भी पालक जुड़ रहे हैं जिनके बच्चे स्कूल में नहीं पढ़ते। पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती कृष्णा गंगासागर एवं ग्राम पटेल जितेंद्र गंगासागर ने छोटे बेटे स्व. तारेंद्र गंगासागर की स्मृति में स्कूल में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में दर्जन भर प्रतियोगी परीक्षा की स्तरीय किताबें थाती के लिए कलेक्टर को सौंपी।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में ऐसे जागरूक पालकों की यह पहल मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने पालकों से अधिकाधिक इस महाअभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने लाइब्रेरी का अवलोकन कर लाइब्रेरी प्रभारी शिक्षिका मोनिका रावटे तथा अन्य शिक्षकों से लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तक तथा बच्चों के द्वारा इसके उपयोग के बारे में बातचीत की। उन्होंने जन समुदाय से आग्रह किया कि वे इस लाइब्रेरी को और भी सशक्त एवं समृद्ध बनाएं। आगे कहा कि विद्यालय एवं पालकों के सामूहिक प्रयास से आदिवासी बाहुल्य ग्रामीण अंचल की लाइब्रेरी थाती भविष्य में जरूर रंग लाएगी।

बच्चों की पढ़ाई-लिखाई व उनकी दिनचर्या की जानकारी हर पालक को होनी चाहिए : प्राचार्य

# मगरलोड स्कूल के शिक्षक गांवों में चौपाल लगाकर शिक्षा पर कर रहे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड के शिक्षक अपने विद्यार्थियों के गांव में चौपाल लगाकर शिक्षा पर चर्चा कर रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम लुगे, छिपली में गत दिवस मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभापति के रूप में गांव के वरिष्ठ नागरिक नंदकुमार साहू थे।

प्राचार्य एआर साहू ने कहा कि जिस प्रकार आप अपने खेती किसानी की देखभाल करते हैं और जरूरत के मुताबिक दवा खाद पानी



देते हैं, उसी प्रकार बच्चों की पढ़ाई लिखाई व घर में उनकी दिनचर्या की जानकारी हर पालक को होनी चाहिए। अन्यथा बच्चे रास्ता भटक जाएंगे। उनके पास बैठकर स्कूल की पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा करना हर पालक की जिम्मेदारी है। लुगे छिपली के सरपंच नारायण साहू ने कहा कि जीवन में यह पहला अवसर है जब शिक्षक गांव में चौपाल लगाकर शिक्षा पर चर्चा कर रहे हैं। इस पहल से पालकों में जागरुकता जरूर आएगी। ग्रामीण टुकेश निर्मलकर ने कहा कि जब तक पालक शिक्षकों के संपर्क में नहीं रहेंगे तब तक बच्चों की पढ़ाई लिखाई का स्तर सुधर नहीं सकता। गन्नूराम साहू ने बच्चों की प्रवृत्ति में आ रहे नकारात्मक बदलाव, नशापान और मोबाइल की लत जैसे मुद्दों पर बात की। कार्यक्रम में व्याख्याता एस आर कुर्रे, प्रधानपाठक वीरेंद्र सरल, रामेश्वर साहू, एलएन साहू, विकास कंवर, हेमंत रजक, प्रवेश ठाकुर, टुकेश निर्मलकर, प्रकाश साहू, देवेंद्र कुमार साहू, युधिष्ठिर कंवर, मोतीलाल, परमानंद सेन, गौतम, महेशराम, रूपलाल साहू, थानु राम, भीमसेन निर्मलकर, लीलेश्वर, ओंकार साहू, त्रिभुवन साहू, लेखराम साहू, जीवनलाल साहू, रोशन ध्रुव, परदेसीराम, केसुराम निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्यामलाल साहू शिक्षक ने किया।

# उमरगांव में राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा एक सितम्बर से

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम उमरगांव में नंदा नवमी नवाखाई पर्व पर राज्यस्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 1 एवं 2 सितम्बर को डे नाइड रखा गया है। पुरुष वर्ग में पुरस्कार क्रमशः 12025, 7025, 5025, 3025 रुपए एवं ट्राफी दी जायेगी। प्रवेश शुल्क 400 रुपए है। महिला वर्ग में पुरस्कार क्रमशः 5025, 3025, 2025, 1025 रुपए एवं ट्राफी दी जायेगी। 200 रुपए प्रवेश शुल्क है। इसके अलावा बेस्ट रेडर, केचर,



आलराउंडर, दर्शक, ब्लाकर पर भी इनाम दिया जायेगा। प्रतियोगिता की तैयारी में उनकरन ठाकुर, दुर्योधन मरकाम, गंगाराम विश्वकर्मा, योगेश मरकाम, रविशंकर मरकाम, किशोर भंडारी, कृष्ण कुमार मारकोले, लोकेश कुंजाम जुटे हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष से भृत्य संघ ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

प्रदेश स्तरीय ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ रायपुर ने अपनी मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात की। ग्राम पंचायत भृत्य को सांख्येतर पद पर समायोजित करने एवं एक समान मानदेय के लिए ज्ञापन सौंपा। इसी क्रम में विधानसभा में गलत जानकारी दी गई, उसकी भी शिकायत विधानसभा अध्यक्ष से की गई। पंचायती राज अधिनियम धारा में स्पष्ट उल्लेख है कि ग्राम पंचायत भृत्य लोक सेवक की श्रेणी में आते हैं।



इसकी कापी विधानसभा अध्यक्ष को दी गई। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक, संरक्षक भूपेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू, परमानंद देवदास उपस्थित थे।

# प्रकृति का मानव जीवन से गहरा संबंध है : टोकेश्वर

- सेनचुवा में हरतालिका पर विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

हरतालिका के अवसर पर ग्राम सेनचुवा में पौधरोपण किया गया। यह अभियान 5 जून से लगातार प्रत्येक रविवार एवं अवकाश दिवस पर तीज त्योहार के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है। ग्राम में हरियाली लाने व औषधि पौधों को चिन्हित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जा रहा है। इस अभियान में सरपंच जितेन्द्र



साहू, सोमनाथ साहू, रूपन साहू, सोहन मंडावी, विक्रम साहू, पिलेश, कन्हैया यादव ने सहयोग प्रदान किया।

टोकेश्वर नेताम ने बताया कि पौधों की व्यवस्था वन विभाग, उद्यानिकी एवं घरों में नर्सरी तैयार करके की गई है। उन्होंने बताया कि पेड़ पौधों में भी संवेदनशील गुण पाया जाता है। कुदरत ने इस धरती को सजाया संवारा है। उनसे हमें सीखने की आवश्यकता है। प्रकृति का हमारे जीवन से किस तरह गहरा संबंध है। यह समझ पाना हर किसी के लिए संभव नहीं है।

रांकाडीह में जिला स्तरीय बाल वर्ग खेलकूद का हुआ आयोजन

# कबड्डी स्पर्धा में छाती व घटुला, खोखो में चटौद व सोरम का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति धमतरी के तत्वधान में जिले भर के सरस्वती शिशु मंदिर का जिला स्तरीय बाल वर्ग खेलकूद का आयोजन मधुबन रांकाडीह में किया गया जिसमें धमतरी, नगरी, कुरुद, चटौद, मगरलोड, छाती संकुल के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

बाल वर्ग में कबड्डी, खो खो, गोला फेंक, तवा फेंक, रेलेरेस, लंबीकूद, ऊंचीकूद व दौड़ हुई। कबड्डी बालिका वर्ग में नगरी संकुल के घटुला विद्यालय प्रथम रहा। बालक वर्ग कबड्डी में प्रथम छाती विद्यालय, खोखो बालिका वर्ग में



प्रथम चटौद विद्यालय, खो-खो बालक वर्ग में प्रथम सोरम विद्यालय रहा। कबड्डी और खोखो के खेल में बच्चो ने खूब दमखम लगाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इसी तरह अन्य खेलों में बच्चों ने स्थान अर्जित किया। प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राएं अब प्रान्त स्तर में खेल का प्रदर्शन करेंगे। मोहन साहू मन्दरौद ने 20 नग शारीरिक गणवेश का वितरण छात्र-छात्राओं को किया। कार्यक्रम के अतिथि टीआर कंवर सभापति कृषि जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास



होता है। शिक्षा में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की तारीफ की। जिला पंचायत सदस्य मीना साहू ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इससे एक बड़ा खिलाड़ी बन सकता हैं। खेल में जीत हार होना स्वाभाविक हैं।

मौके पर भाजपा मंडल मगरलोड अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, दीनबंधु सिन्हा समिति अध्यक्ष रांकाडीह, सरपंच भोजराम साहू, मार्केटिंग सोसाइटी अध्यक्ष शत्रुघन साहू, मधुबन मेला समिति अध्यक्ष अरुण कंवर, सरपंच खैरझिटी जयनारायण साहू, जनपद सदस्य केवल कंवर, जिला संकुल समन्वयक थानसिंग साहू, जिला खेल प्रमुख नूतन साहू, जिला सचिव पोखन साहू, खेलकूद अधिकारी टोमनलाल साहू, जिला शारीरिक प्रमुख डिमेन्द्र पटेल, प्रधानाचार्य रांकाडीह कौशल साहू, प्रधानाचार्य मोहरेंगा सन्तु निषाद, प्रधानाचार्य अरौद गोविंद निषाद, प्रधानाचार्य बोड़रा शंकर साहू, नूतन साहू, ओंकार प्रसाद, थामेश साहू, देवेंद्र साहू, तामेश्वर सिन्हा, लोकेश धनकर, गजराज साहू, ओमप्रकाश, प्रह्लाद पटेल, मोहन साहू उपस्थित थे। यह जानकारी प्रधानाचार्य करेली बड़ी नूतन साहू ने दी।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए दिए टिप्स

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह में कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त सहायक संचालक लक्ष्मणराव मगर ने प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकेंडरी शाला के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ एनईपी 2020 एवं परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए अपने सुझाव साझा किए। इस दौरान श्री मगर द्वारा शाला परिसर में पौधरोपण किया गया।



कार्यशाला में सरपंच श्रीमती रमी गौतम, शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू, प्राचार्य शोभा दुबे सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा परिसर में मेहंदी प्रतियोगिता

**भोण्ड**। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पचनपाल में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कला उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों के माध्यम से मेहंदी कला की विविधता और सौंदर्य को दर्शाया। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन उपरांत विजेताओं की घोषणा की गई। प्रथम स्थान सुंदरम ग्रुप की वेदिका कश्यप, द्वितीय स्थान सत्यम ग्रुप की मनीषा सरकार ,तृतीय स्थान मधुरम ग्रुप की प्रियंका भारती रही। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य एआर नोन्हारे एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट कलात्मक प्रस्तुतियों हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

### समाजहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर की गई चर्चा

**घाटलोहंगा**। ग्राम घाटलोहंगा स्थित सामुदायिक भवन में बस्तर सुआर्य राजपुरोहित ब्राह्मण समाज की आमसभा आयोजित की गई। बैठक में समाजहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के प्रमुख बिंदु इस प्रकार है कार्यकारिणी की पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों पर विचार कर प्रस्ताव पारित किया गया, आगामी वर्ष के लिए समाज का बजट तैयार कर सर्वसम्मति से पारित किया गया, गत वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर अनुमोदित किया गया, वर्ष 2023 से लंबित समाज भवन निर्माण कार्य पर विस्तृत चर्चा की गई व अन्य सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मन्ना प्रसाद तिवारी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद तिवारी सहित समस्त सदस्यगण की उपस्थिति रही।

### बाल विवाह मुक्त बीजापुर बनाने दिलाई शपथ

**बीजापुर** । कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, के मार्गदर्शन में जिले में बाल संरक्षण के विभिन्न विषयों की जानकारी स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन, कॉलेजों एवं पंचायत प्रतिनिधि के बीच किया जा रहा है ताकि बच्चों के संरक्षण संबंधित मुददो, विषयो पर जागरूक हो सके। इस दौरान विकासखण्ड भैरमगढ़ के सभी वार्डो में भ्रमण कर वार्ड स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, एक युद्ध नशे के विरूद्ध पोषण भी पढ़ाई भी, बाल विवाह मुक्त बीजापुर, सड़क पर रहने वाले बच्चे, अपशिष्ट सग्रांहक, बाल भिक्षावृति से लिप्त बच्चे, बालश्रम में लिप्त बच्चों का चिन्हांकन हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सभी होटल, दुकानों, ढाबा, वाहन गैरेजों एवं वार्ड स्तर पर लोगों को पॉक्सो एक्ट मे बच्चों को लैंगिक अपराधों से बचाने के लिए प्रावधान दिये गये है। बच्चों को गलत तरीके से घूरना, पीछा करना, रास्ता रोकना, गलत तरीके से छूना, अपराध है। किशोर न्याय अधिनियम में बच्चों को नशे बचाने के लिए प्रावधान दिया गया है। यदि कोई बच्चें को नशा कराता है या नशे का समान बेचता है उसे 1 लाख रूपये जुर्माना व 2 वर्ष का सजा का प्रावधान है। चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

### शिविर में 250 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**दंतेवाड़ा**। महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा द्वारा रजत जयंती वर्ष के अवसर पर बारसूर सांस्कृतिक भवन में स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विभागीय निर्देशों तथा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मानवाधिकार आयोग के सदस्य जशवीर नेगी, पार्षद गण, महिला एवं बाल विकास परियोजना बारसूर से पर्यवेक्षक ऋषिका नेताम, जगत चतुर्वेदानी तथा स्वास्थ्य विभाग से डॉ. लक्ष्मी सिंह और उनकी टीम उपस्थित रहीं।

नगर सहित क्षेत्र में जगह-जगह सजे पंडाल

# विघ्नहर्ता गणेशजी की प्रतिमा आज होगी स्थापित

## स्थानीय मूर्तिकारों के हाथों बन चुकी हैं आकर्षक मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

आज गणेश चतुर्थी है। नगर सहित क्षेत्र में गणेशोत्सव की तैयारी जोरों पर है। बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चे व विभिन्न समिति के सदस्य भगवान श्रीगणेश के स्वागत में लगे हुए हैं। नगर में विभिन्न जगहों पर सृष्टि के विघ्नहर्ता गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। स्वागत में आकर्षक व भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं। स्थानीय मूर्तिकार भगवान गणेश की प्रतिमा को आकार दे चुके हैं। मूर्ति देखने बच्चे व समिति के सदस्य मूर्तिकार के पास पहुंच रहे हैं। गणशोत्सव की परंपरा को जीवित रखने के लिए परखन्दा निवासी मूर्तिकार भारत चक्रधारी एवं दुलेश पाड़े ने भी अपनी अहम भूमिका निर्वहन की है। पिछले दो दशक से नयनाभिराम प्रतिमाओं का निर्माण कर इस उत्सव को जीवित रखने वाले श्री चक्रधारी व श्री पाड़े का पूरा परिवार हर साल गणेशोत्सव के करीब पांच माह पहले से ही इसकी तैयारियों में जुट जाता है। इनके हाथों बनी मूर्तियों को लेने के लिए तीन माह पहले से बुकिंग शुरू हो जाती है जिसकी मूर्तियों की मांग नगर सहित क्षेत्र में बहुत रहती है।







### मांग अनुरूप सभी मूर्ति बनाकर रखे हैं

दुलेश पाड़े ने बताया कि उनके द्वारा सालभर के त्योहारों के लिए प्रतिमाएं बनाई जाती हैं। वे केवल गणेश के लिए या कृष्ण के लिए ही नहीं बल्कि गौरी - गौरा, तीज , दुर्गा पूजा जैसे त्योहारों में भी लोगों के लिए प्रतिमाएं बनाते हैं, जिन्हें काफी पसंद किया जाता है। उनके द्वारा हर साल मूर्ति बनाई जाती है। वे अपने पिताजी के समय से मूर्ति बनाते आ रहे हैं और आगे भी जारी रखेंगे।

### साइज के हिसाब से है रेट

गणेश चतुर्थी के लिए उक्त मूर्तिकार द्वारा करीब 300 से अधिक मूर्तियां बनाई गई हैं जिनकी दर उनके आकार के हिसाब से ली जाती है । यहां 4 साइज की मूर्तियां बनाई गई हैं जो दो सौ रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक में उपलब्ध हैं। लोग इनके पास गणेश की मूर्तियों के लिए एडवांस में ही बुकिंग करा लेते हैं।

### हाथों में दिखती है कलाकारी

भारत चक्रधारी अपने पूरे परिवार के साथ ही मूर्ति बनाने का कार्य करते हैं । परिवार में 6 लोग हैं। बच्चे, बुजुर्ग सभी मिलकर मिट्टी से प्रतिमा देने का काम करते हैं । इनके परिवार द्वारा होली के बाद से ही गणेश चतुर्थी के लिए मूर्ति बनाने की तैयारी प्रारंभ कर दी जाती है, जो गणेश चतुर्थी के दिन तक जारी रहती है। सभी मूर्तियों को आकार देने के लिए केवल हाथों का ही प्रयोग किया जाता है।

### बनाई गई है ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं

मूर्तिकारों ने बताया कि गणेश विसर्जन से नदियों व तालाबों का पानी दूषित न हो इसका पूरा ख्याल रखकर मूर्ति निर्माण करते हैं। इनके द्वारा बनाई जाने वाली लगभग 250 मूर्तियों में ये केवल प्राकतिक रंगों का ही इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा मूर्तियां भी केवल मिट्टी, पैरा, रूई एवं राखड़ जैसे पदार्थों से ही बनाते हैं । इससे विसर्जन के बाद भी पानी दूषित नहीं होता है।

## गरिमा का एमबीबीएस में चयन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

■ नपं अध्यक्ष ने घर पहुंचकर किया सम्मान

भखारा भठेली नगर पंचायत क्षेत्र की होनहार छात्रा गरिमा पिता संतोष साहू ने अपनी मेहनत और लगन से एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।उनका 482 वां रैंक आया है। कांकेर चिकित्सा महाविद्यालय में उनका चयन हुआ है। गरिमा ने हाल ही में आयोजित नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उनके चयन से परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर है। वह बीएएमएस की पढ़ाई करते हुए तैयारी कर रही थी। परिवारजनों ने बताया कि गरिमा हमेशा से परिश्रमी और अनुशासित छात्रा रही है। गरिमा का कहना है कि वे आगे चलकर एक सफल डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। नपं अध्यक्ष ने गरिमा के घर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए डॉक्टर बनकर अंचल की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। गरिमा और उनके परिवार वालों का सम्मान किया। इस दौरान छबिलाल निर्मलकर, सोमनाथ साहू, रामकृष्ण नेताम, अंजु दीनानाथ साहू, राजू सेन, हरख जैन, ग्रामीण नगर इकाई साहू समाज भखारा परिक्षेत्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र तेलासी, सोमनाथ साहू उपाध्यक्ष, तुकाराम साहू सचिव, अश्वनी साहू कोषाध्यक्ष, विनोद साहू पूर्व नपं अध्यक्ष, गोविंद, नारायण साहू, रेखधर साहू, संरक्षक द्वय बीरेंद्र साहू, कुलेश्वर साहू ने हर्ष जताया है।

## जोरातराई अं में सैकड़ों तीजहरिनों ने खाया करुभात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



जोरातराई अं में तीजहारिन महिलाओं के लिए करुभात का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों माताओं ने करुभात खाया। इस अवसर पर तीजहारिनों ने आयोजक समिति का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस आयोजन से सभी बहनों को एक दूसरे का हाल चाल जानने का अवसर मिलता है। यह अनोखा आयोजन सभी गांव में नहीं होता। भाइयों से मिला अपनापन हमेशा याद रहेगा। इस आयोजन में ग्राम पटेल महेंद्र साहू, संरपच पूर्णिमा साहू, टेकराम साहू, मानकलाल, भानुप्रताप साहू, हरिपाल, जालम साहू, तुकाराम, भोजराम, मोहन, चैतूराम, पीतांबर साहू, वीरसिंग, दुर्गेश निर्मलकर, शैलेंद्र, मोहन, खिलावन पाल, रविंद्र सेन, राजेश, मोहन, हरिश्चंद्र, लव निषाद, जालम साहू, नरेश, विजय तारक, सालिक का योगदान रहा।

## निगम टीम ने 11 आवारा मवेशी पकड़े

**धमतरी**। नगर पालिक निगम द्वारा शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों से हो रही समस्याओं को रोकने लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को निगम की गौ पकड़ो टीम ने गुप्ता हॉस्पिटल गली और विवेकानंद गली नंबर 3 में अभियान चलाकर 11 आवारा मवेशियों को पकड़ा। इन मवेशियों को सुरक्षित अर्जुनी स्थित कांजी हाउस भेजा गया।

निगम अधिकारियों ने बताया कि सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के कारण आए दिन यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। नागरिकों की सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही मवेशियों के कारण गंदगी फैलने से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें, बल्कि उन्हें गोठान अथवा निर्धारित स्थान पर ही रखें। ऐसा नहीं करने पर संबंधित पशुपालकों पर जुर्माना और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## महापुरुष अपने व्यक्तित्व से पहचाने जाते हैं : प्रशम सागर



■ पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में जैन मुनियों का प्रवचन जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में जैन मुनियों का प्रवचन जारी है। प्रशम सागर मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि परमात्मा अपने लिए स्वयं नियम बनाते हैं और पालन भी करते हैं। परमात्मा स्वयं गुरु भी होते हैं और स्वयं शिष्य भी होते हैं। परमात्मा नेतृत्वकर्ता हैं और जो जीव परमात्मा के नेतृत्व को स्वीकार कर लेता है, उसके जीवन का उद्धार निश्चित होता है। भगवान महावीर 30 वर्ष की आयु में संयम जीवन स्वीकार कर लेते हैं। उसके बाद साढ़े बारह वर्ष छदमस्त अर्थात साधना में रहते हैं। इस काल में साधना करते हुए अपने कर्मों को उदय में लाकर उसका उपशम करते हैं। इस छदमस्त काल में परमात्मा को अनेक उपसर्ग सहन करना पड़ता है।

हम संसार में किसी को भी साधन, सुविधा और संपत्ति से जानने पहचानने का प्रयास करते हैं जबकि महापुरुष अपने व्यक्तित्व अर्थात आचरण से और साधना से पहचाने जाते हैं। ज्ञानी कहते हैं कि संसार के सभी जीवों के प्रति परमात्मा के हृदय में करुणा का भाव होता है। संसार के सभी जीव के लिए परमात्मा के हृदय में मां जैसी ममता होती है, इसलिए परमात्मा के पैरों से खून के स्थान पर दूध बहने लगता है।

## कलारतराई में हुआ सामूहिक करूभात का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम कलारतराई में जय मां कर्मा सेवा समिति द्वारा तीज पर्व पर तीजहारिन महिलाओं के लिए सामूहिक करूभात का आयोजन किया गया। सोमवार को शाम 7 बजे साहू गांव के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भगवान शंकर, माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर करू भात का कार्यक्रम शुरू किया गया। आयोजक समिति द्वारा महिलाओं को श्रृंगार सामग्री दी गई। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप ध्रुव, उपसरपंच माधवेंद्र साहू, गोपाल साहू, श्याम नारायण साहू, लवणकिशोर साहू, गजेंद्र साहू, संतोष साहू, नरेंद्र साहू, रवि सेन, सुनील निर्मलकर, शिवनाथ साहू, निर्मल साहू, मानिक साहू, महेंद्र, मुकेश साहू, धर्मवीर साहू, सुशील साहू, उर्मिला साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शिविर में सेजेस हटकेशर एवं भाठागांव के रेंजर हुए शामिल

■ जिले के स्काउटिंग गाइडिंग के इतिहास में रेंजर्स विंग प्रथम बार हुए सम्मिलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा रेंजर का राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शिविर राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी अभनपुर में मुख्य शिविर संचालक शिवानी गंगवीर, मुख्य प्रशिक्षक उत्तरा मानिकपुरी, सहायक संचालक सीमा साहू, प्रेमलता चंद्राकर, रंजीत राज, निशा सिंह, क्वार्टर मास्टर किरण सिंह ठाकुर, कंप्यूटर ऑपरेटर निशा साहू के नेतृत्व में आयोजन किया गया।

धमतरी जिले से रेंजर लीडर योगिता कंवर सेजेस हटकेशर के मार्गदर्शन में रेंजर नेहा मडामे तथा रेंजर लीडर मेनका निषाद हायर सेकेंडरी भाठागांव के मार्गदर्शन में घनिष्ठा, यशस्वी, लक्ष्मी ने भाग लिया और शिविर में प्रतिदिन कराए जाने वाले मौखिक, लिखित, प्रैक्टिकल पेपर गणवेश, स्काउटिंग के मूलभूत सिद्धांत, गति का ज्ञान, गाइडिंग की जानकारी, रेंजर की जानकारी, रेंजर बुक की जानकारी, नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, ध्वज गीत, संकेत, बैच, सैल्यूट, राष्ट्रीय गान की जानकारी दी गई।

इस उपलब्धि पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, कलेक्टर संरक्षक अबिनाश मिश्रा, जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा, डीईओ अभय कुमार जायसवाल, जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू, बीईओ धमतरी लीलाधर चौधरी, कुरूद बीईओ सीके साहू, सेजेस स्कूल प्राचार्य राजकुमार शर्मा, भाठागांव हायर सेकेंडरी प्राचार्य आशालता साहू, ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी नेतूराम यादव, डीओसी स्काउट नेमलाल गंगेले, डीओसी गाइड हिना भेंसले, जिला सचिव धर्मेंद्र साहू, मोहित बनपेला, ब्लॉक सचिव धमतरी सोहन साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सांकरा में तीजहारिनों ने खाया सामूहिक करूभात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम सांकरा में ग्राम विकास समिति व ग्रामीणों के सहयोग से तीजहारिनों के लिए सामूहिक करूभात का आयोजन किया गया। इस दौरान भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीस दही हांडी स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर 1 लाख रुपए की इनाम राशि जीतने पर ग्राम की गोविंदा टोली का सम्मान किया गया। इस टोली ने धमतरी में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर 31 हजार रुपए का इनाम जीता था। कार्यक्रम में सरपंच उदयराम साहू, उपसरपंच तुलसी साहू, ग्राम पटेल लीलेश्वर बनपेला, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सहदेव कुर्रे, उपाध्यक्ष फिरोज बनपेला, कोषाध्यक्ष रामेश्वर कुर्रे, सचिव सुयश कुमार समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

## रामप्रसाद बने किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष

■ सोंढूर नहर विस्तार को लेकर अधिकारियों से करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुकरेल(धमतरी)



नगरी विकासखंड अंतर्गत 22 ग्राम पंचायत क्षेत्र दुगली, डोंगडुला, राजपुर, गट्टासिल्ली, करैहा अंतर्गत किसान मजदूर संघर्ष समिति की 26 अगस्त को बांधा के बाजार स्थल पर बैठक हुई। इस दौरान संगठन के पूर्व अध्यक्ष स्व. कुन्दन सिंह साक्षी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मिति से मनोनयन किया गया। गोंड़वाना समाज तहसील नगरी के पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम को संगठन अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। उपाध्यक्ष अनराज साहू डोंगरडूला, बंशीराम सोरी गोहाननाला, बिसरुराम वट्टी अर्जुनी, हुलार सिंह वट्टी राजपुर, फुलेश्वरी नेताम, सचिव रामकुमार सामरथ, सहसचिव महेन्द्र नेताम, संरक्षक मयाराम नागवंशी, जनपद सदस्य कलावती मरकाम, पुष्पादेवी ध्रुव, प्रेमसिंह सलाम सहित क्षेत्र की 22 पंचायत के सरपंचों को संरक्षक पद की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में क्षेत्र के किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग नगरी से लेकर सोंढूर नहर विस्तार डोंगाडुला, राजपुर, दुगली, गट्टासिल्ली, करैहा क्षेत्र में नहर विस्तार को लेकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा परिचर्चा पर सहमति बनाई गई। बैठक में उत्तम नेताम, मानकलाल साहू, गिरधर वट्टी, चिंता राम ध्रुव, राजूराम यादव, दयाल नेताम, गौतम मरकाम, मुकेश बघेल, तुलसी मंडावी, नंदलाल साहू, राधेश्याम नेताम, शिवप्रसाद नेताम, सखाराम साहू, देवेन्द्र मंडावी, रामकुंवर मंडावी, रुपराय नेताम, मंगल मरकाम, राजा राम वट्टी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने वैभवी का सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने नगरी तहसील के ग्राम सांकरा निवासी वैभवी साहू के घर पहुंचकर उन्हें श्रीफल, शाल भेंटकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि वैभवी का चयन सहायक संचालक, उद्योग प्रबंधक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग) के पद पर हुआ है। श्री सार्वा ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वैभवी की सफलता न केवल उनके परिवार और गांव के लिए, बल्कि पूरे समाज और जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी होनहार बेटियां समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होती हैं, जो युवा पीढ़ी को कड़ी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की दिशा में प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर सरपंच नागेंद्र बोरझा एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## अंजुमन स्कूल के छात्रों ने पढ़ा यातायात का पाठ

**धमतरी**। अंजुमन हायर सेकेण्डरी स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यातायात विभाग ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। यातायात प्रभारी खेमराज साहू एवं प्रधान आरक्षक देवेन्द्र गजेन्द्र द्वारा विद्यार्थियों को सड़क पर चलने के नियम बताए गए। सड़क नियमों का उल्लंघन करने पर दिये जाने वाले दण्ड की भी जानकारी दी गयी। यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाला के प्रशासक सैयद असदुल हुसैन, प्राचार्य श्रीमती शबाना खान, उपप्राचार्य अब्दुल सत्तार खान, वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद असलम भाटी, फरीद खान, चित्रकुमार ध्रुव, फिरोजा खान, राबिया खान, मंजु देवांगन, सरोज शिंदे समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### दंतेल ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त, मिली सहायता

**पखांजुर।** परलकोट ईलाके में भ्रमण कर रहा दंतेल हाथी ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त कर रहा है। बांगोभोड़िया निवासी जेम्स एक्का पिता पतरस एक्का और कांडेराम पद्दा पिता फागूराम पद्दा निवासी आलदण्ड के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सहायक परियोजना अधिकारी सितरम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जांच के बाद उन्होंने दोनों प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत देते हुए 500 रुपएं की अग्रिम क्षतिपूर्ति राशि प्रदान किया। जांच के बाद संपूर्ण भरपाई करने का आश्वासन दिया है।

### शारीरिक एवं मानसिक परामर्श, हुई संगोष्ठी

**दुर्गूकोंदल ।** शारीरिक एवं मानसिक परामर्श से संगोष्ठी का आयोजन पीएमश्री सेजस दुर्गूकोंदल में शारीरिक एवं मानसिक परामर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ चंदन कुमार बैरागी के द्वारा बच्चों के बीच शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नियमित व्यायाम,संतुलित आहार, 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेने की बात कही गई। हमें हानिकारक पदार्थों जैसे जंक फूड,स्ट्रीट फूड एवं पैकेट बंद चिप्स कुरकुरे आदि का सेवन न करने की सलाह दिया। कार्यक्रम में सोनिया चौधरी, डिकेश पटेल, पूजा हालदार, आयुषी मेश्राम, किरण मरकाम,घमेन्द्र देशमुख, बसंत टोप्पो, हामिद खान समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 54 के किराये के माकन में 52 वर्षीय सुशांत दत्ता ने 24 अगस्त को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पीव्ही 54 आनंदनगर निवासी मंतोस दत्ता ने पुलिस को बताया कि मृतक किराये के मकान में अकेला रहता था। समय समय में तबियत खराब होने के कारण परेशान होकर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में नगर निगम ने शुरू किया काम

# कुत्तों की नसबंदी के लिए वर्क आर्डर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद नगर निगम कुत्तों की नसबंदी की तैयारी कर रहा है। राजनांदगांव की एक संस्था को करीब 400 कुत्तों की नसबंदी के लिए वर्क आर्डर दिया गया है। नसबंदी के लिए जगह चिन्हांकित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कुत्तों को खाना खिलाने के लिए भी जगह का निर्धारण किया जा रहा है।

शहर में कुत्तों की आबादी काफी बढ़ चुकी है। शहर के हर गली मुहल्लों में कुत्तों का आतंक है। ये कुत्ते झुंड में रहते हैं और खतरनाक हो चुके हैं। बच्चे, बड़े-बुजुर्गों को अपना निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ साल में कुत्तों के काटने के मामले भी बढ़े हैं। यह स्थिति केवल धमतरी शहर या जिले की नहीं है, बल्कि पूरे देश में है। आवारा कुत्तों के मामले को गंभीरता से लेते हुए कुत्तों की आबादी कम करने केस लिए सड़क छाप कुत्तों की नसबंदी और व्यवस्थापन के लिए सुप्रीम कोर्ट ने शासन को आदेश जारी किया है, जिसके अनुसार कुत्तों को पकड़कर नसबंदी और टीकाकरण के बाद वापस छोड़ा जाना है। आक्रामक और रैबीज संक्रमित कुत्तों को अलग रखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद धमतरी नगर निगम ने भी कुत्तों के आबादी प्रबंधन के लिए तैयारी शुरू कर दी है। शहर में स्ट्रीट डाग्स को पकड़ने और उनकी नसबंदी करने के लिए राजनांदगांव की एक संस्था को वर्क आर्डर दिया गया है। यह संस्था कई स्थानों पर भी कुत्तों की नसबंदी का काम कर रही है। कुत्तों को पकड़ने से लेकर नसबंदी तक पूरी जिम्मेदारी संस्था की होगी। नसबंदी के बाद कुत्तों को वापस उसी मुहल्ले में छोड़ दिया जाएगा। नसबंदी के लिए जगह का चयन किया जा रहा है। संस्था के अधिकृत व्यक्ति को शहर में चार-पांच स्थानों को दिखाया गया है। सबसे ज्यादा उपयुक्त जगह पर नसबंदी का काम किया जाएगा।



#### बढ़ रहे डाग बाइट के मामले

कुत्तों की नसबंदी आज से 19 साल पहले वर्ष 2006 में हुई थी। उस समय इस काम में गड़बड़ी को लेकर मामला काफी चर्चा में रहा। इसके बाद भी कुत्तों की संख्या बढ़ती रही। एक अनुमान के अनुसार जिले में कुत्तों की संख्या 7 हजार से अधिक है। कुत्तों की आबादी बढ़ने के साथ डाग बाइट के मामले भी बढ़े हैं। जुलाई माह में डॉग बाइट के शिकार 438 लोगों को और अगस्त में अब तक 251 लोगों को रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया है।

#### खाने की जगह के लिए कोई प्लानिंग नहीं

सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कुत्तों की नसबंदी करने के साथ उनके खाने पीने के लिए हर वार्ड में जगह निर्धारित किया जाना है। पशुप्रेमी या समाजसेवी शहर में दूसरे स्थान पर कुत्तों को भोजन नहीं कराएंगे। निर्धारित जगहों पर पर ही भोजन कराएंगे। दूसरी जगह कुत्तों को खाना खिलाने की स्थिति में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। नगर निगम के सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के परिपालन में कोई तैयारी नहीं है।

#### आदेश का होगा पालन

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन होगा। 400 कुत्तों की नसबंदी के लिए वर्क आर्डर जारी किया जा चुका है। जिस संस्था को काम दिया गया है, उसने जल्द ही काम शुरू करने का आश्वासन दिया है। अन्य निर्देशों का भी पालन किया जाएगा।

- पीसी सार्वा,
उपायुक्त नगर निगम धमतरी

## पंडाल सजकर तैयार, घरों में भी तैयारी पूर्ण, होंगे कई धार्मिक कार्यक्रम

# पंडालों और घरों में विराजेंगे विघ्नहर्ता गणेश 11 दिनों तक सुबह-शाम होगी पूजा-अर्चना



#### एक दिन और बिकेंगी मूर्तियां

बुधवर शाम को गणेश जी की स्थापना के साथ मूर्तिकार प्रतिमाएं बेचना बंद कर देंगे। बुधवार को छोटी और सामान्य प्रतिमा की खूब बिक्री होगी। यह सिलसिला 8 बजे रात तक चलेगा। मूर्तिकार कैलाश प्रजापति, वीरांगन कुंभकार ने बताया कि बुधवार की रात्रि 8 बजे तक प्रतिमा बेचेंगे। इस दौरान लगभग 90 से 95 प्रतिशत प्रतिमाएं बिक जाती हैं। बची हुई शेष प्रतिमाएं पॉलीथिन, कागज, कार्टून में पैक करके रख देंगे। आने वाले वर्ष में फिर से रंगरोगन डेंटिंग पेंटिंग करके प्रतिमाएं बेचेंगे।

#### 200 से 2000 रुपए है कीमत

मूर्तिकारों ने बताया कि इस वर्ष भी मंदी का दौर है। प्रतिमाएं कीमत नहीं दे रही हैं। छोटी प्रतिमा को अब 200 रूपये तक बेचना पड़ रहा है। सामान्य और बड़ी प्रतिमाएं 500, 1000, 2000 रूपये की है। मंगलवार तक बिक्री सामान्य रही। बुधवार शाम तक प्रतिमाएं बिकेंगी ऐसी उम्मीद है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंचल में अब 11 दिन तक गणेश उत्सव की धूम रहेगी। शहर सहित गांवों में भक्तगण आज बुधवार को पंडालों एवं घरों में गणेशजी की प्रतिमा स्थापित कर विधिविधान से पूजा-अर्चना करके 11वें दिन विसर्जन करेंगे। शहर के दानीटोला, महिमासागर वार्ड, गोकुलपुर, रामबाग, गणेश चौक, सदरबाजार, मठ मंदिर चौक (भीखू दाल मिल) आमापारा, बनिया तालाब, सिहावा रोड, रायपुर रोड, धमतरी के राजा अमर टाकीज परिसर, टिकरापारा चौक, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, सोरिद जोधापुर, कॉलेज रोड, म्युनिस्पिल स्कूल चौक, कोड़मल धर्मशाला चौक, धोबी चौक, शिव चौक, बनियापारा, इतवारी बाजार चौक, बांसपारा, मराठापारा सहित शहर के सभी वार्डों एवं घरों में शुभ मुहूर्त पर बुधवार को शाम गणेश जी स्थापित होंगे। धरती में गणेशजी को बल, बुद्धि, विद्या, धन का देवता माना गया है। वे प्रथम पूज्यनीय देव हैं इसलिए भक्त इसे आसानी से विराजमान कर सामान्य ढंग से पूजा करते हैं। यह सिलसिला पूरा 11 दिन तक चलेगा। इस दौरान शहर तोरण, पताका, लाइट, झालर से जगमगा रहा है। वातावरण धार्मिकमय बना रहेगा। लोग तामसिक भोजन का त्याग कर सात्विक अन्न जल ग्रहण करेंगे। कुछ भक्त उपवास भी रखेंगे। घरों में भी बच्चे और बुजुर्ग छोटी प्रतिमा स्थापित कर पूजा करेंगे। मोहल्लों में डीजे की धुन सुनाई देगी। भक्ति संगीत पर भक्त थिरकेंगे।

### 20 वर्ष से धमतरी में गणेश प्रतिमा बेचने आ रहे आरंग के मूर्तिकार



आरंग ब्लाक के ग्राम छटेरा के मूर्तिकार विनोद प्रजापति, बबलू प्रजापति बताते हैं कि वे पिछले 20 वर्ष से धमतरी में गणेश प्रतिमा बेचने आते हैं। उनकी प्रतिमाएं आकर्षण एवं मनमोहक कलाकृतियां वाली रहती हैं। रेट 150 से शुरु हो जाता है। उनके परिवार में आठ सदस्य हैं। सभी मूर्ति बनाने का काम करते हैं। हजारों प्रतिमाएं थोक में बिकी हैं। पूरे आरंग ब्लाक में कोचिए प्रतिमा की बिक्री करते हैं। वे अपने परिवार सहित पांच दिन के लिए धमतरी आकर थोक और चिल्हर में प्रतिमाएं बेचते हैं। बिकने पर प्रतिदिन एक गाड़ी प्रतिमा मंगवा लेते हैं। हर वर्ष गर्मी में होली के बाद प्रतिमाएं बनाना प्रारंभ करते हैं। सात माह में हजारों प्रतिमाएं बन जाती हैं जिसे रंग रोगन करके थोक में बेच देते हैं। इसके अलावा विभिन्न आयटम भी बनाते हैं जिसमें दीया, ग्वालीन, कलसा, खप्पर, धूपदानी, मटका, हंडी, सुराही, चूल्हा, सिगड़ी, सजावट के सामान आदि तैयार करते हैं। वे बुधवार रात तक रहेंगे। गुरुवार को सुबह आरंग निकल जाएंगे। इसी तरह मकई चौक में राजनांदगांव के दीनू प्रजापति, मुरली प्रजापति, दुर्ग के मोहित कुंभकार हर साल प्रतिमाएं बेचने धमतरी पहुंचते हैं।

■ **मूर्ति बनाने का काम होली के बाद शुरू करते हैं, सात माह में हजारों प्रतिमा तैयार**

## अटल आवास में नशीली दवाई बेचते दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

अटल आवास कुरुद में नशीली टैबलेट बेचते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों से नशीली टैबलेट, जूपिटर वाहन व मोबाइल सहित 31,612 रूपये की संपत्ति जब्त की गई। थाना कुरूद में धारा 21(ए) नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि अटल आवास कुरूद के पास दो युवक टीवीएस जूपिटर क्रमांक सीजी 05 एबी 3902 में नशीली टैबलेट रखकर अवैध बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी कुरूद पुलिस टीम एवं औषधि निरीक्षक मौके पर पहुंचे। घेराबंदी कर संदेही व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम हिमांशु गौतम पिता नीरज गौतम उम्र 19 वर्ष निवासी जेडी कॉलोनी कुरूद व हसीमुद्दीन पिता स्व. नसरूद्दीन उम्र 24 वर्ष निवासी कारगिल चौक कुरूद बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से Nitrazepam Tablets IP कुल 40 नग टैबलेट, बिक्री की रकम, नगद राशि एवं मोबाइल फोन सहित एक टीवीएस जूपिटर वाहन बरामद किया गया।



औषधि निरीक्षक द्वारा मौके पर जब्त दवाइयों का भौतिक सत्यापन कराया गया। यह दवाई बिना डॉक्टर की पर्ची पर किसी भी व्यक्ति को बेचना पूर्णतः प्रतिबंधित है। आरोपियों के पास नशीली औषधि रखने और बेचने संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। दोनों आरोपियों का कृत्य धारा 21(ए) नारकोटिक एक्ट का अपराध पाए जाने पर थाना कुरूद में अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## गंदगी फैलाए जाने पर 19 दुकानदारों पर कार्रवाई, 5700 रुपए जुर्माना वसूला



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर पालिक निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम की स्वच्छता टीम ने रत्नाबांधा चौक से हाउसिंग बोर्ड मोड़ तक क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों के सामने गंदगी फैलाए जाने तथा निर्धारित स्थान पर कचरा न डालने की शिकायतें पाई गईं।

नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर निगम टीम ने 19 दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की और उनसे कुल 5700 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान दुकानदारों को भविष्य में गंदगी न फैलाने और अपने-अपने प्रतिष्ठानों के सामने साफ-सफाई बनाए रखने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही यह भी समझाइश दी गई कि कचरा हमेशा निगम के कचरा वाहन में ही डालें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं। निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है। यदि व्यापारी एवं नागरिक निर्धारित नियमों का पालन नहीं करेंगे तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## सोनपुर में करोड़ों की सागौन लकड़ी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम सोनपुर में वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रखे गए कीमती सागौन लकड़ी को जब्त किया है।

गोपनीय सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने सोनपुर गांव में दबिश दी। इस दौरान छह अलग-अलग घरों में जांच की गई। कार्रवाई के दौरान लकड़ी के कई गट्ठे पाए गए, जिन्हें जब्त कर बोराई थाना लाया गया। सूत्रों के अनुसार यह लकड़ी करोड़ों की बताई जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि आगे की कार्रवाई जारी है।



## गणेश मंदिर में चौबीस घंटे जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मठमंदिर चौक स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में प्रतिमा का अखंड जलाभिषेक का कार्यक्रम रखा गया जिसमें 24 घंटे मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा पर जलाभिषेक किया गया। इस आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। अखंड जलाभिषेक के बाद महाआरती और अनुष्ठान के साथ भगवान को विराजित करेंगे। जलाभिषेक 26 अगस्त मंगलवार को प्रातः 6 बजे प्रारंभ हुआ, जो 27 अगस्त बुधवार को सुबह 6 बजे तक चलेगा। हवन पूजन बुधवार को 10 बजे, महाआरती, प्रसादी 12 बजे संपन्न होगी। इससे पूर्व भगवान का श्रृंगार होगा। अनुष्ठान में मुख्य यजमान पूर्व ट्रस्टी स्व. नटवरलाल वल्लभदास गांधी परिवार के प्रतिनिधि के रूप में उनके पोते प्रीतेश किरण गांधी पूजा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सम्मिलित हुए। जलाभिषेक के दौरान रोहिताश मिश्रा, पुजारी पं. होमनप्रसाद शास्त्री, कामेश्वर पांडे, पं. श्रीकांत तिवारी, पं.चिरागधर दीवान, पं.नितिन दीवान, पं. सुरेंद्र पांडे, पं.भूपेंद्र मिश्रा सहित हजारों भक्त शामिल हुए।






### पार्थिव शिवलिंग बनाया, फुलेरा सजाकर शिव पार्वती की पूजा-अर्चना की

# तिजहारिन महिलाएं आज तोड़ेंगी व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सुहागिन महिलाओं ने सोमवार की रात करूभात खाकर मंगलवार को दिन-रात निर्जला व्रत रखा। आज बुधवार को भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय की पूजा करके व्रत खोलेंगी। महिलाओं ने मंगलवार को रतजगा किया। मध्य रात्रि तक कहानी, कविता, धार्मिक पुस्तकों का पठन, पाठन किया। कुछ महिलाओं ने निर्जला न रखकर जलाहार करके व्रत रखा। पार्थिव शिवलिंग बनाकर, फुलेरा सजाकर शिव पार्वती की पूजा की। मायके वालों ने उपहार स्वरूप वस्त्र, आभूषण, गिफ्ट भेंट किए। तीजा नहीं आने वाले महिलाओं के लिए माता पिता, भाइयों ने फलाहार व उपहार भी भेजे। सभी सामूहिक रूप से पूजा करके व्रत खोलेंगी। कुछ बहनों ने नदी, सरोवर, तालाब में जाकर बालू, रेत, मिट्टी का पार्थिव शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया एवं विधि-विधान से पूजा अर्चना की। रूद्री रूद्रेश्वर घाट पहुंची व्रती महिलाओं ने बताया कि शास्त्रों के मुताबिक व्रती महिलाएं पार्थिव शिवलिंग का जलाभिषेक करके पूजा-अर्चना करती हैं तो मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। नदी, तालाब किनारे पूजा करने से पुण्य लाभ प्राप्त होता है। धन धान्य, आरोग्य, संतान, स्वर्ग की प्राप्ति के साथ शारीरिक, मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। अकाल मृत्यु नहीं होती है। शिव की कृपा हमेशा बनी रहती है। इसे कलयुग में श्रेष्ठ बताया गया है। वे हर साल नदी किनारे जाकर तीज व्रत पर सुबह पार्थिव शिवलिंग की पूजा करती हैं।









